**NEWS CLIPPING: 03.08.2018**

**DAINIK BHASKAR**

# जैन ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास एवं तनावमुक्त रहने के दिए टिप्स



फरीदाबाद. वाईएमसीए के स्टूडेंट्स को व्यक्तित्व विकास एवं तनाव मुक्त रहने को लेकर जरूरी सुझाव देती डॉ. रीना जैन।

फरीदाबाद| वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने 'व्यक्तित्व विकास तथा निर्णयन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें शंघाई इंटरनेशनल मेंटल हेल्थ एसोसिएशन चीन से मनोचिकित्सक डॉ. रीना जैन ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास एवं तनावमुक्त रहने को लेकर जरूरी सुझाव दिए। डॉ. जैन को मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत ज्योति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. जैन ने विद्यार्थियों को स्वयं को अभिव्यक्त करने तथा दूसरों के साथ संवाद स्थापित करने की विभिन्न तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के दिनों में तनाव दूर करने के बारे में भी बताया। उन्होंने सकारात्मक सोच, प्रेरणा, लक्ष्य निर्धारण, समस्या निवारण, निर्णय लेने तथा समय प्रबंधन जैसे व्यक्तिगत कौशल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी साझी की। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहने की तकनीकों के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में ऐसे व्याख्यानों को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि विद्यार्थियों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोनिया बंसल ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अरविंद गुप्ता ने डॉ. रीना जैन को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

**NEWS CLIPPING: 03.08.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# छात्र दूसरों के साथ संवाद स्थापित कर स्वयं को अभिव्यक्त करें : डॉ.रीना जैन

## विशेषज्ञ व्याख्यान



वाईएमसीए विश्वविद्यालय में आयोजित विशेषज्ञ व्याख्यान में छात्रों को व्यक्तित्व विकास एवं तनाव मुक्त रहने के लिए सुझाव देती डॉ.रीना जैन ● जागरण

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विश्वविद्यालय में व्यक्तित्व विकास एवं निर्णयन विषय पर बृहस्पतिवार को विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। शंघाई इंटरनेशनल मेंटल हेल्थ एसोसिएशन चीन से आई मनोचिकित्सक डॉ.रीना जैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थी। डॉ.रीना को मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत ज्योति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ.रीना ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास एवं तनाव मुक्त रहने को लेकर जरूरी सुझाव दिए। अपने संबोधन में डॉ.रीना जैन ने छात्रों को स्वयं को अभिव्यक्त करने तथा दूसरों के साथ संवाद स्थापित करने की विभिन्न तकनीकों के बारे में जानकारी दी। इससे उनके व्यक्तित्व में निखार आएगा और बहुत कुछ जानने का मौका मिलेगा। उन्होंने सकारात्मक सोच, प्रेरणा, लक्ष्य निर्धारण, समस्या निवारण, निर्णय लेने तथा समय प्रबंधन जैसे व्यक्तिगत कौशल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सर्वांगीण विकास में ऐसे आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि छात्रों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सोनिया बंसल ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अरविंद गुप्ता ने डॉ.रीना जैन को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

**NEWS CLIPPING: 03.08.2018**

**HINDUSTAN**



फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए विश्वविद्यालय में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संघ की मनोचिकित्सक मनोचिकित्सक डॉ. रीना जैन ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास एवं तनाव मुक्त रहने को लेकर जरूरी सुझाव दिए। • हिन्दुस्तान

# व्यक्तित्व विकास के गुर सीखे

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को व्यक्तित्व विकास तथा निर्णय पर कार्यशाला हुई। इसमें मुख्यवक्ता के रूप में शंघाई (चीन) अंतरराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संघ के मनोचिकित्सक डॉ. रीना जैन मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास एवं तनाव मुक्त रहने के विषय में जानकारी दी। इसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

इस मौके पर डॉ. रीना जैन ने स्वयं को अभिव्यक्त करने तथा दूसरों के साथ संवाद स्थापित करने की विभिन्न तकनीक के विषय में जानकारी दी। उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त करने के विषय में जानकारी दी।

**AMAR UJALA**

# विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने के दिए टिप्स

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 'व्यक्तितत्व विकास और निर्णय' विषय पर आज एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें शंघाई इंटरनेशनल मेंटल हेल्थ एसोसिएशन की मनोचिकित्सक डा. रीना जैन ने विद्यार्थियों को व्यक्तितत्व विकास एवं तनाव मुक्त रहने को लेकर जरूरी सुझाव दिए। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में ऐसे व्याख्यानों को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि विद्यार्थियों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहिए। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 03.08.2018**

**PUNJAB KESARI**

# विद्यार्थियों को दिए तनाव मुक्त रहने के टिप्स



*विद्यार्थियों तनाव मुक्त रहने का जरूरी सुझाव देती डॉ. रीना जैन।*

फरीदाबाद, 2 अगस्त (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा 'व्यक्तित्व विकास तथा निर्णयन' विषय पर आज एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें शंघाई इंटरनेशनल मेंटल हेल्थ एसोसिएशन, चीन से मनोचिकित्सक डॉ. रीना जैन ने विद्यार्थियों को व्यकितत्व विकास एवं तनाव मुक्त रहने को लेकर जरूरी सुझाव दिये। डॉ. रीना जैन को मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत ज्योति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में ऐसे व्याख्यानों को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि विद्यार्थियों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहिए। डॉ. जैन ने विद्यार्थियों को स्वयं को अभिव्यक्त करने तथा दूसरों के साथ संवाद स्थापित करने की विभिन्न तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों परीक्षा के दिनों में तनाव दूर करने के बारे में भी बताया। उन्होंने सकारात्मक सोच, प्रेरणा, लक्ष्य निर्धारण, समस्या निवारण, निर्णय लेने तथा समय प्रबंधन जैसे व्यक्तिगत कौशल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की।


पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 03 August 2018

epaper.punjabkesari.in/c/30858184